दिग्विजयनाथ स्नातकोत्तर महाविद्यालय
गोरखपुर-273001
(नैक प्रत्यायित 'B++' श्रेणी)
सम्बद्ध
दीनदयाल उपाध्याय गोरखपुर विश्वविद्यालय, गोरखपुर

☎ & Fax : 0551-2334549
: 09792987700
e-mail : dnpggkp@gmail.com
website : www.dnpgcollege.edu.in

दिनांक : 08.04.2026

प्रकाशनार्थ

दिनांक 08.04.2026 गोरखपुर। महाविद्यालय में वाणिज्य विभाग के द्वारा बी.काम एवं एम.काम प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों का स्वागत तथा बी.काम एवं एम.काम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों का विदाई समारोह का अयोजन किया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना से किया गया सांस्कृतिक कार्यक्रम में वाणिज्य विभाग के छात्र/छात्राओं ने भारत के अलग–अलग राज्यों के लोकगीतों और संगीत की मधुर धुनों एवं नृत्य से सबको मंत्रमुग्ध कर दिया।

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश सिंह ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जीवन में सफल होने के लिए हमें प्रत्येक कार्य को योजना बनाकर करना चाहिए। बिना योजना के किया गया कार्य अक्सर असफल हो जाता है। एक अच्छी योजना हमें सही दिशा देती है और समय का सही उपयोग सिखाती है।

विभाग के प्रभारी डॉ. संजीव कुमार सिंह ने कहा अच्छा बोलना और अपनी बात स्पष्ट रूप से रखना एक बहुत बड़ी कला है। यदि हमारे पास ज्ञान है लेकिन हम उसे सही तरीके से व्यक्त नहीं कर पाते, तो उसका कोई लाभ नहीं होता। इसलिए हमें अपनी भाषा, बोलने का तरीका और आत्मविश्वास पर काम करना चाहिए।

कार्यक्रम में बी.काम एवं एम.काम प्रथम वर्ष के मिस्टर फ्रेशर अनुष्ठान उपाध्याय और रमेश मिश्रा तथा मिस फ्रेशर अंजू निषाद और श्रेया पाण्डेय तथा बी.काम एवं एम.काम अन्तिम वर्ष के मिस्टर फेयरवेल अभिषेक प्रजापति और सत्यव्रत विश्वकर्मा और मिस फेयरवेल ज्योति कुमारी एवं नव्या सिंह को चुना गया।

कार्यक्रम का संचालन नव्या सिंह एवं श्रेया पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर वाणिज्य विभाग के शिक्षक डॉ. संजय कुमार त्रिपाठी, डॉ. चंडी प्रसाद पांडे, डॉ. अभय कुमार मालवीय, डॉ. दीपक कुमार साहनी, डॉ. सुभाष कुमार गुप्ता एवं डॉ रानी द्विवेदी इस अवसर पर महाविद्यालय के अन्य शिक्षक डॉ विवेक शाही, डॉ कुलदीप पाण्डेय, डॉ. अखंड प्रताप सिंह, नवीन कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

डॉ.(शैलेश कुमार सिंह)
प्रभारी, सूचना एवं जनसम्पर्क